हरिभूमि
महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शनिवार 10 अक्टूबर 2026

13 नारद मोह की लीला ने बांधा समां, मंचन ने लगाए चार



14 शहर में 15 हजार से अधिक पेयजल-सीवर



एडीसी को नहीं मिले मैनेजर तो मौजूद चपड़ासी से ली खाद एवं सोसायटी के क्रियाकलापों की जानकारी, तैयार रिपोर्ट सौंपी डीसी को

विवादों में चल रही अनाजमंडी कोआप्रेटिव सोसायटी पर जांच करने पहुंचे एडीसी

राजकुमार ▶▶ नारनौल

डीएपी खाद को लेकर किसान इंतहां से गुजरने को विवश हो रहे हैं। रेलवे रोड स्थित अनाज मंडी में गत 30 सितंबर के पश्चात बुधवार शाम या रात तक डीएपी खाद आने की उम्मीद थी, लेकिन जिले में खाद डीएपी की जगह यूरिया आ गया, जो अनाज मंडी स्थित कोआप्रेटिव सोसायटी कार्यालय ने जरूरत न समझते हुए रिसीव नहीं किया। ऐसे में डीएपी खाद को लेकर किसानों की बेसब्री बढ़ती जा रही है। वहीं दूसरी ओर शुक्रवार प्रातः पौने दस बजे विवादों में चल रही सोसायटी की जांच के लिए एडीसी तरुण कुमार पावरिया कार्यालय पहुंचे तथा वहां मौजूद कर्मचारी से आवश्यक पूछताछ की। एडीसी ने पूछताछ एवं स्थिति के आधार पर रिपोर्ट डीसी को प्रेषित



नारनौल। अनाज मंडी स्थित सोसायटी कार्यालय।

कर दी है। बता दें कि राजीव गांधी चौक के पास बनी अनाज मंडी में दी मार्केटिंग कोआप्रेटिव सोसायटी का कार्यालय बना हुआ है। यह वह कार्यालय है, जहां किसान सबसे ज्यादा फसली खाद एवं अन्य सामान

निराश लौटे किसान

अब बुधवार यानि 7 अक्टूबर को डीएपी खाद आने की उम्मीद थी, लेकिन उस रोज डीएपी की बजाए यूरिया का रैक लग गया। इन दिनों रबी बिजाई नहीं होने के कारण यूरिया की फिलहाल किसानों को जरूरत नहीं है और यूरिया नहीं उतारा गया। जबकि जिन किसानों को गुरुवार को खाद मिलने की थी, वह पहुंचे, लेकिन डीएपी नहीं होने पर फिर से निराश होकर लौट गए।

खरीदते हैं। इसी कार्यालय की लगभग 15 सितंबर से खस्ता हालत बनी हुई है। इस कार्यालय पर इस तारीख से पहले एक मैनेजर एवं तीन–चार कर्मचारियों का अलग स्टॉफ कार्यरत था, लेकिन पिछले चार सालों में सोसायटी बोर्ड के चुनाव नहीं कराने पर मैनेजर से उसकी पॉवर छीनते हुए यहां पर लिक्वेडेटर नियुक्त कर दिया था। तब उन्होंने लिक्वेडेटर का कार्यभार कनीना के एक इंस्पेक्टर को सौंपा था। एआर के इन आदेशों के खिलाफ डिप्टी रजिस्ट्रार सोसायटीज भिवानी के यहां अपील दायर की गई, जिस डीआर ने सुनवाई करते हुए एआर के आदेशों पर स्टे लगा दिया। इस पर पॉवर पुनः लिक्वेडेटर से मैनेजर के पास चली गई, लेकिन नया विवाद उस समय उठ खड़ा हुआ, जब लिक्वेडेटर ने सोसायटी के आउटसोर्स पर लगे तीन कर्मचारियों को एकसाथ बाहर का रास्ता दिखा दिया। इस कारण सोसायटी की गतिविधियां बुरी तरह से चरमरा गई और सोसायटी अपने मूल मार्ग से भी भटक गई। हालत यह हुई कि बिना कर्मचारियों के सोसायटी ने डीएपी खाद तक लेना बंद कर दिया ।

एडीसी ने की मौजूद कर्मचारी से पूछताछ

उक्त सोसायटी कार्यालय आजकल जिला प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों आदि की निगाह में चढ़ा हुआ है तथा इस पर ये सभी संज्ञान ले रहे हैं। इसी के मद्देनजर अतिरिक्त उपायुक्त तरुण पावरिया प्रातः करीब पौने दस बजे इसी अनाज मंडी पहुंचे। कार्यालय का एड्रेस नहीं मालूम होने के कारण वह अनाज मंडी स्थित मार्केट कमेटी कार्यालय पहुंच गए, जहां मौजूद कर्मचारी उनके साथ गए तथा पीछे ही स्थित सोसायटी कार्यालय पहुंचाया। यहां एडीसी को एक कर्मचारी प्रदीप मौजूद मिला, जिनसे उन्होंने पूछताछ की। एडीसी ने उक्त कर्मचारी से मैनेजर बाबत पूछा तो उन्हें बताया गया कि वे नांगल चौधरी बाजरा खरीद में गए हुए हैं। एडीसी ने सोसायटी पर खाद उपलब्ध होने समेत कई जानकारी भी जुटाई।



यह बोले एडीसी

वह सोसायटी कार्यालय पर चेकिंग के लिए गए थे। उन्हें वहां प्रदीप नामक कर्मचारी मिला। उससे खाद वितरण एवं अन्य जानकारी ली गई है। रिपोर्ट बनाकर डीसी को भेज दी है। खाद नहीं आने पर हैफेड के डीएम से बात की गई है।

यह बोले मैनेजर

कोआप्रेटिव सोसायटी कार्यालय के मैनेजर सुनील चौधरी ने बताया कि आज एडीसी साहब कार्यालय आए थे, लेकिन उस वक्त वह नांगल चौधरी अनाज मंडी में चल रही बाजरा खरीद में हिस्सा लेने चले गए थे।

खबर संक्षेप

व्यापारियों ने की जीएसटी फैसलों की सराहना

नारनौल। दी खाद्यान्न व्यापार एसोसिएशन की बैठक प्रधान रामजीलाल मित्तल की अध्यक्षता में हुई। जिसमें उपस्थित सभी सदस्यों ने जीएसटी परिषद की बैठक में हुए फैसलों की सराहाना की। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा व्यापारियों हित में अनेक फैसले लिए मस्त व्यापारियों में खुशी का माहौल है। बैठक में लिए गए निर्णय में सबसे ज्यादा फायदा छोटे-छोटे व्यापारियों को होगा, जिसमें सामान्य जुर्माने को 25000 से घटाकर 10000 किया गया है।

मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ धरना आज

नारनौल। जन संघर्ष मंच हरियाणा के जिला संयोजक कृष्ण कुमार तोबड़ा ने कहा कि आज देश के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा स्थल पर एक दिवसीय धरना दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह धरना मतदाता सूचियों से कथित तौर पर गलत तरीके से वोट काटे जाने, जन विरोधी एसआईआर के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर आयोजित किया जा रहा है।

कल से जड़वा गोशाला में श्रीमद्देवीभागवत कथा

सतनाली मंडी। श्री बांके बिहारी गौशाला जड़वा में शारदीय नवरात्र के पावन पर्व पर 11 से 28 अक्टूबर तक श्रीमद्देवीभागवत कथा, कीर्तन एवं सत्संग का आयोजन किया जाएगा। कथा आयोजन समिति के अनुसार 18 दिवसीय कार्यक्रम के तहत 11 अक्टूबर से संत स्वरूपदास महाराज, रामकृष्ण हरि महाराज वृंदावन एवं कृष्णदास स्वामी बीदासर द्वारा श्रीमद्देवीभागवत कथा एवं हरे राम हरे कृष्ण महामंत्र कीर्तन का आयोजन किया जाएगा।

मंडी में बाजरे की रिकार्ड तोड़ आवक जारी

नारनौल। अनाज मंडी में आजकल रोजाना रिकार्ड तोड़ बाजरे की आवक हो रही है। शुक्रवार को 622 किसानों के गेटपास काटे गए। मार्केट कमेटी के चेयरमैन बाबूलाल यादव ने बताया कि शुक्रवार को लगभग 16650 क्विंटल बाजरे की मंडी में आवक हुई है। मंडी में यह बाजरा करीब 2350 रुपये से 2400 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीदा गया। मार्केट कमेटी सचिव नुकुल यादव ने बताया कि मंडी में शनिवार एवं रविवार को छुट्टी रहेगी।

आज निकाली जाएगी निमंत्रण यात्रा

नारनौल। टाइगर क्लब परिवार के दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर शनिवार को निमंत्रण यात्रा निकाली जाएगी। क्लब प्रधान राकेश यादव, सचिव नरेंद्र बंसी ने बताया यात्रा का शुभारंभ पुरानी कचहरी मैदान से दोपहर 3:30 बजे होगा, जहां से ध्वजा यात्रा पुल बाजार, मानक चौक, आजाद चौक होते हुए मां चामुंडा देवी मंदिर परिसर पहुंचेंगी। यात्रा को भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष भारती सैनी रवाना करेंगी।

दोनों पक्षों ने लगाए आरोप-प्रत्यारोप, पुलिस ने मौके पर ली जानकारी

मेडिकल कॉलेज में ड्यूटी रोस्टर व 16 घंटे की ड्यूटी को लेकर विवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

कोरियावास मेडिकल कॉलेज में ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड जवानों और कॉलेज प्रबंधन के बीच ड्यूटी रोस्टर, सुपरविजन और ड्यूटी के घंटों को लेकर विवाद सामने आया है। होमगार्ड जवानों ने प्रबंधन के कुछ कर्मचारियों पर मानसिक रूप से परेशान करने, बार-बार रोस्टर बदलने और निर्धारित आठ घंटे के बजाय 16 घंटे तक ड्यूटी कराने के आरोप लगाए हैं। वहीं कॉलेज प्रबंधन ने आरोपों को खारिज करते हुए कुछ जवानों पर सुरक्षा व्यवस्था में लापरवाही और ड्यूटी में बाधा डालने के आरोप लगाए हैं। विवाद की सूचना पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों से जानकारी ली।

होमगार्ड जवान अशोक ने बताया कि सितंबर माह में उसकी ड्यूटी कोरियावास मेडिकल कॉलेज में लगाई गई थी। उसका आरोप है कि एक सितंबर को निदेशक की ओर से सुपरवाइजर नियुक्त किया गया था और चार सितंबर को उसका रेस्ट था। इसी दौरान उसके खिलाफ नोटिस जारी



नारनौल। होमगार्ड जवान।

कर दिया गया। उसने नोटिस का जवाब भी दिया, लेकिन नोटिस के संबंध में जानकारी मांगने पर संतोषजनक जवाब नहीं मिलने का आरोप लगाया। अशोक ने सुपरिंटेंडेंट बलवंत, स्टेनो रवि सहित कुछ कर्मचारियों पर उसे और अन्य जवानों को परेशान करने के आरोप लगाए। अशोक के अनुसार मेडिकल कॉलेज में करीब 50 होमगार्ड जवान ड्यूटी कर रहे हैं और कई जवान ड्यूटी व्यवस्था को लेकर परेशान हैं। उसने दावा किया कि ड्यूटी के दौरान अब तक करीब 13 जवान दुर्घटनाओं का शिकार हो चुके हैं। हाजिरी और ड्यूटी से संबंधित समस्याओं की जानकारी उच्च अधिकारियों को देने के बावजूद समाधान नहीं होने का भी आरोप लगाया गया।

प्रबंधन का दावा...सुरक्षा के लिए बदला रोस्टर

मेडिकल कॉलेज निदेशक ने होमगार्ड जवानों के आरोपों को गलत बताया। निदेशक के अनुसार वह स्वास्थ्य मंत्री के कार्यक्रम में शामिल होने के बाद करीब साढ़े 12 बजे कॉलेज पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने मुख्य गेट से कुछ दूरी पर करीब आठ से दस होमगार्ड जवानों को पेड़ के नीचे खड़े देखा। इनमें कुछ जवान सिविल ड्रेस और कुछ वर्दी में थे। उन्होंने जवानों को अपनी-अपनी ड्यूटी पर जाने के लिए कहा, लेकिन जवानों ने बताया कि उनकी ड्यूटी दो बजे से शुरू होगी। निदेशक ने आरोप लगाया कि ड्यूटी शुरू होने से करीब दो घंटे पहले एक स्थान पर एकत्र होकर कुछ जवान अन्य कर्मचारियों की ड्यूटी में बाधा डाल रहे थे। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कुछ जवान अन्य कर्मचारियों को ड्यूटी करने से रोक रहे थे और नाइट ड्यूटी भी ठीक से नहीं कर रहे थे। इसी कारण सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए रोस्टर में बदलाव किया गया। निदेशक के अनुसार मेडिकल कॉलेज में प्रतिदिन करीब 300 से 350 मरीज आते हैं। परिसर के अलग-अलग हिस्सों में चोरी की घटनाएं भी सामने आई हैं, जिसके चलते सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत रखना जरूरी है।

रोस्टर बदलने और 16 घंटे ड्यूटी का आरोप

होमगार्ड जवान सतबीर सिंह ने आरोप लगाया कि ड्यूटी रोस्टर में बार-बार बदलाव किया जाता है। नाइट ड्यूटी करने वाले जवानों को कई बार सुबह बुला लिया जाता है, जबकि सुबह की ड्यूटी करने वाले जवानों से भी 16 घंटे तक काम लिया जाता है। सतबीर के अनुसार निर्धारित ड्यूटी आठ घंटे की है। उसने बताया कि सफाई कर्मचारियों में शामिल एक कर्मचारी अशोक द्वारा खुद को इंचार्ज बताकर ड्यूटी के संबंध में सवाल किए जाने पर दोनों के बीच बहस हुई थी।

मौके पर पहुंची पुलिस, ली मामले की जानकारी

मामले की सूचना मिलने पर सदर थाना एसएचओ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने कॉलेज कर्मचारियों और होमगार्ड जवानों से बातचीत कर पूरे मामले की जानकारी ली। फिलहाल दोनों पक्षों के आरोपों के बीच होमगार्ड जवानों ने ड्यूटी रोस्टर, नोटिस जारी करने, कथित 16 घंटे की ड्यूटी, जवानों के साथ व्यवहार और दुर्घटनाओं से जुड़े मामलों की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

विधायक ने मंडी में लिया बाजरा खरीद का जायजा



नारनौल। अनाज मंडी में जायजा लेते विधायक ओमप्रकाश यादव। *फोटो : हरिभूमि*

- प्रदेश सरकार का प्रयास है कि किसी भी किसान को फसल ब्रिकी के दौरान किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े : ओमप्रकाश यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

विधायक एवं पूर्व मंत्री ओमप्रकाश यादव ने शुक्रवार को अनाज मंडी का दौरा कर बाजरे की खरीद व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित किसानों और व्यापारियों से मुलाकात की तथा बाजरा खरीद के दौरान मिल रही सुविधाओं, व्यवस्थाओं और समस्याओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली। विधायक ओमप्रकाश यादव को अधिकांश किसानों एवं व्यापारियों ने बताया कि वे सरकार द्वारा की जा रही बाजरे की खरीद व्यवस्था से पूरी तरह संतुष्ट हैं। उन्होंने खरीद प्रक्रिया और मंडी में उपलब्ध सुविधाओं को लेकर भी अपनी प्रतिक्रिया दी। इस अवसर पर विधायक ओमप्रकाश यादव ने कहा कि किसानों और व्यापारियों की खुशहाली एवं समृद्धि ही प्रदेश सरकार का ध्येय है। क्षेत्र के किसान मेहनत से बड़े पैमाने पर बाजरे की फसल पैदा कर रहे हैं और उसे मंडी के माध्यम से लोगों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि किसानों को अपनी फसल बेचने के दौरान किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। बाजरे की खरीद प्रक्रिया को सुचारु बनाए रखने और किसानों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। विधायक ने बताया कि शुक्रवार को बाजरे का भाव 2424 रुपये प्रति क्विंटल रहा। इस मौके पर मार्केट कमेटी के अध्यक्ष बाबूलाल यादव, प्रधान सुरेश अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

अब राता कलां में रात्रि ठहराव करेगी सब डिपो की बस

महेंद्रगढ़। सब डिपो द्वारा ग्रामीण आंचल में परिवहन सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। सब डिपो प्रबंधन ने पहले भोजावास गांव में रात्रि ठहराव करने वाली बस के रूट में विस्तार करते हुए अब इसका रात्रि ठहराव राता कलां गांव में निर्धारित कर दिया है। रोडवेज के इस फैसले से राता कलां सहित आसपास के अन्य गोमला मोड, मोहाल्ड़ा, खैरानी मोड, रात कलां व खुर्द के ग्रामीणों व दैनिक यात्रियों को आवागमन में भारी सुविधा और सीधा लाभ मिलेगा। यह बस सुबह राता से 7:50 व भोजावास 8 बजे



बवानिया होते हुए महेंद्रगढ़ पहुंचेगी।

उल्लेखनीय है कि महेंद्रगढ़ सब डिपो बनने के बाद सरकार की नई हिदायतों व नियमों के अनुसार 25 किलोमीटर के दायरे में आने वाले रूटों पर बसों का रात्रि ठहराव बंद कर दिया गया था। विभागीय नियमों में हुए इस बदलाव के कारण उपमंडल के विभिन्न ग्रामीण रूटों पर चलने वाली करीब पांच बसों का रात्रि ठहराव अचानक प्रभावित और बंद हो गया था।

सेशन कोर्ट से पूर्व नपा अध्यक्ष को बड़ा झटका, याचिका खारिज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली

अटेली नपा के पूर्व प्रधान संजय गोयल को पद बचाने की कानूनी लड़ाई में शुक्रवार को एक बार फिर बड़ी हार का सामना करना पड़ा है। नारनौल सेशन कोर्ट ने उनकी याचिका को खारिज करते हुए इलेक्शन ट्रिब्यूनल कोर्ट के फैसले को पूरी तरह से बरकरार रखा है। इस फैसले के बाद पूर्व अध्यक्ष को कोर्ट से कोई राहत नहीं मिली है। यह पूरा विवाद चुनाव के दौरान हलफनामे में महत्वपूर्ण जानकारी छिपाने से जुड़ा हुआ है। पूर्व अध्यक्ष संजय गोयल ने इलेक्शन ट्रिब्यूनल कोर्ट नारनौल के फैसले को चुनौती देते हुए सेशन कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए हाई कोर्ट ने पहले ही सेशन कोर्ट को निर्देश दिए थे कि इस मामले की सुनवाई जल्द से जल्द पूरी की जाए ताकि नगर पालिका के कामकाज और आगे की प्रक्रिया सुचारू रूप से चल सकें। हाई कोर्ट के आदेशों के अनुपालन में सेशन कोर्ट में लंबी और विस्तृत बहस चली। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने और रिकॉर्ड का अध्ययन करने के बाद शुक्रवार को अदालत ने फैसला सुनाया और संजय गोयल की याचिका को डिसमिस कर दिया।

एसडीएम ने की राजनीतिक दलों के साथ अहम बैठक

कनीना। अटेली विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं कनीना के एसडीएम डॉ. जितेंद्र सिंह ने शुक्रवार को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इस बैठक में निर्वाचक नामावली से संबंधित प्रपत्र संख्या 9, 10, 11, 11ए और 11बी सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं बीएलए-1 के साथ साझा किए गए। भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार बुलाई गई इस बैठक में विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान दस्तावेज उपलब्ध न करवाने वाले मतदाताओं की सूची भी साझा की गई। उन्होंने प्रतिनिधियों को इन प्रपत्रों पर कार्यालय द्वारा की जा रही कार्रवाई की जानकारी दी।



विधायक मंजू चौधरी ने समर्थन मूल्य पर खरीद नहीं होने पर जताई नाराजगी

नांगल चौधरी। विधायक मंजू चौधरी ने अनाज मंडी में पहुंचकर निर्धारित सुविधाओं का निरीक्षण किया। किसानों की समस्या सुनने के बाद उन्होंने खरीद एजेंसी को तलब किया तथा समर्थन मूल्यों पर खरीद करने के निर्देश दिए। बारदाना उपलब्ध नहीं होने पर उन्होंने नाराजगी जताई, कहा कि सरकार ने केवल किसानों को गुमराह करने के लिए ही समर्थन मूल्यों में बढ़ोतरी की है। खरीद नहीं होने के किसानों को नुकसान झेलना पड़ रहा है। विधायक ने कृषि कार्यालय का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने किसानों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं और विभागीय व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने किसानों से जुड़ी योजनाओं और सेवाओं का लाभ पात्र किसानों तक पहुंचाने पर जोर दिया। अब देखना होगा कि निरीक्षण और निर्देशों के बाद मंडी में खरीद व्यवस्था कितनी सुधरती है और किसानों को समर्थन मूल्य का लाभ कब तक मिल पाता है।

सीएम नायब सिंह सैनी ने वीसी के जरिए की समाधान प्रकोष्ठ की समीक्षा बैठक

2 साल में समाधान प्रकोष्ठ में 3090 शिकायतों के निस्तारण का दावा

4771 शिकायतों में से 3090 का समाधान, 2214 मामलों में लोगों ने की पुष्टि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए राज्य के सभी उपायुक्त के साथ समाधान प्रकोष्ठ की समीक्षा बैठक ली। बैठक के बाद उपायुक्त अनुपमा अंजली ने महेंद्रगढ़ जिले की स्थिति की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आठ अक्तूबर 2024 से आठ अक्तूबर 2026 तक जिले में समाधान प्रकोष्ठ के तहत कुल 4771 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से 3090 शिकायतों का निस्तारण किया जा चुका है, जो कुल शिकायतों का लगभग 65 प्रतिशत है। निस्तारित शिकायतों में से 2214 मामलों में सीएम कार्यालय की कन्फर्मेशन सेल ने शिकायतकर्ता से संपर्क कर समाधान की पुष्टि ली है। इसके बाद ही इन्हें पोर्टल पर संग्रहित किया गया।



नारनौल। वीडियो कॉन्फ्रेंस के बाद अधिकारियों के साथ बैठक करती डीसी अनुपमा अंजली। *फोटो : हरिभूमि*

जिले में 197 पुनः खोली गई शिकायतें

उपायुक्त ने यह भी बताया कि जिले में लंबित एवं पुनः खोली गई शिकायतें 197 हैं, जो कुल शिकायतों का करीब चार प्रतिशत है। उपायुक्त अनुपमा अंजली ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविरों में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा में सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों का निपटारा केवल पोर्टल पर नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर होना चाहिए। समाधान शिविर सरकार का फ्लैगशिप कार्यक्रमों में से एक है। ऐसे में शिकायतकर्ता को समाधान की जानकारी दी जाए और उसकी संतुष्टि का भी ध्यान रखा जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जो शिकायतें अभी लंबित हैं, उन पर प्राथमिकता से कार्रवाई कर रिपोर्ट समय पर भेजी जाए। शिविर हर सोमवार और वीरवार को प्रत्येक उपमंडल पर सुबह 10 से 12 बजे तक लगाए जाते हैं।

मशीन में हाथ आने से किसान घायल

कनीना। मानका वाली बनी रास्ते के समीप एक खेत में बाजरे का भंडारण करते समय एक किसान का बायां हाथ मशीन की चपेट में आ गया। घायल की पहचान कनीना के वार्ड नंबर 12 निवासी रामपाल के रूप में हुई है। मनोज शर्मा ने बताया कि किसान रामपाल खेत में बाजरे के भंडारण के कार्य में जुटा हुआ था। इसी दौरान काम करते समय अचानक उसका संतुलन बिगड़ा और बायां हाथ तेजी से चल रही मशीन के अंदर चला गया। चीख-पुकार सुनकर परिजनों ने मशीन को बंद कर कड़ी मशक्कत के बाद किसान का हाथ बाहर निकाला। हादसे में रामपाल का बायां हाथ बुरी तरह कुचला गया, जिससे मौके पर काफी खून बह गया।



दुनियाभर में दृश्यम 3 का दबदबा 350 करोड़ पार हुई कमाई

मुंबई। अजय देवगन की फिल्म 'दृश्यम 3' ने बॉक्स ऑफिस पर एक हफ्ता पूरा कर लिया है। इसके बावजूद यह फिल्म अच्छी कमाई कर रही है। अजय देवगन की फिल्म 'दृश्यम 3' ने बॉक्स ऑफिस पर धुंआधार शुरुआत की थी। अब फिल्म को रिलीज हुए एक हफ्ता हो गया है। इतने दिनों बाद भी फिल्म का जलवा बरकरार है। सातवें दिन फिल्म ने 13 करोड़ रुपए की कमाई की। इसके साथ फिल्म का टोटल कलेक्शन 245.50 करोड़ रुपए हो गया है। वहीं, फिल्म का टोटल ग्रॉस कलेक्शन 294.60 करोड़ रुपए हो गया है। दुनियाभर में इस फिल्म ने 383.60 करोड़ रुपएका कलेक्शन किया है। 'दृश्यम 3' के सिनेमाघरों में दस्तक देने के बाद 'हनुमान अंश' की कमाई में भारी गिरावट देखने को मिली है। 'हनुमान अंश' को रिलीज हुए 2 महीने से भी ज्यादा का समय हो चुका है। शायद यही वजह है कि इसकी कमाई अब काफी घट गई है। फिल्म अब लाखों में कमाई कर रही है।

लाइफ Style

कटरीना

खुद को स्वीकार करने से आता है आत्मविश्वास

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कटरीना कैफ ने प्रेग्नेंसी के बाद बढ़े वजन को लेकर निशाना बनाए जाने के बाद सोशल मीडिया के बारे में बात की है। उन्होंने बताया है कि अगर आप लोगों की बातों पर ज्यादा ध्यान देते हैं तो क्या नुकसान हो सकता है। अभिनेत्री कटरीना कैफ ने हाल ही में सोशल मीडिया पर मिलने वाली प्रतिक्रिया से अपने आपको बचाने के बारे में बात की है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आत्मविश्वास खुद को स्वीकार करने से आता है, न कि हर किसी को खुश करने की कोशिश करने से।

अभिनेत्री ने बताया कि कैसे आलोचना पर ज्यादा ध्यान देने से आप जिंदगी में आगे बढ़ने से रुक सकते हैं। यूके में अपने कॉस्मेटिक ब्रांड की पहली सालगिरह के मौके पर हुए एक इवेंट के दौरान, कटरीना ने कहा 'हमें इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि सोशल मीडिया पर चल रही बातें हमारे आत्म-मूल्य को प्रभावित न करें। वहां बहुत सारी राय होती हैं। अगर आप उन सभी के अनुसार चलने लगते हैं, तो आप खुद फैसले नहीं ले पाएंगे।' अभिनेत्री ने कहा कि दूसरों की बातों पर प्रतिक्रिया देने से व्यक्ति को आगे बढ़ने में दिक्कत हो सकती है। उन्होंने कहा, 'ऐसे समय भी होते हैं जब दुनिया आपकी तारीफ करती है, दूसरे समय में आपको वास्तव में खुद का सबसे बड़ा चीयरलीडर बनना पड़ता है।' कटरीना ने जिंदगी के कई चरणों को स्वीकार करने के सलाह दी। उन्होंने माना कि आत्मविश्वास और खुद के बारे में सोच हमेशा एक जैसी नहीं रहती। कई बार लोग खुद को सबसे अच्छा महसूस करते हैं, जबकि दूसरे समय में, उन्हें खुद के बारे में अच्छा महसूस करने में संघर्ष करना पड़ सकता है। अभिनेत्री ने यह बातें उस मामले के बाद कहीं, जब वह हाल ही में अंबानी परिवार के गणेश चतुर्थी सेलिब्रेशन में पति विक्की कौशल के साथ नजर आईं थीं। उनका एक वीडियो वायरल हुआ था।



हॉलीवुड मसाला



मार्वल ने जारी किया नई सीरीज का लोगो

लॉस एंजिल्स। मार्वल ने 'जोडियाक' नाम की एक नई लाइव-एक्शन सीरीज का ऐलान किया है। इसे 2028 में डिज्नी प्लसपर दिखाया जाएगा। इसका प्रोडक्शन 2027 में लंदन में शुरू होना है। कास्टिंग कुछ हफ्तों में शुरू होने की उम्मीद है। मार्वल ने कहानी और कलाकारों के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी है। मार्वल टेलीविजन और मार्वल एनिमेशन के न्यूयॉर्क कॉमिक कॉन पैनल ने कन्फर्म किया कि 'जोडियाक' एक स्पाई थ्रिलर होगी। मेकर्स ने इसे एक नई ग्लोबल जासूसी सीरीज बताया है। उन्होंने दर्शकों को बताया, 'जो लोग कॉमिक्स के बारे में जानते हैं, अगर वे इस टाइटल डिजाइन को ध्यान से देखें, तो उन्हें कुछ सुराग मिलेंगे कि हम किस दिशा में जा रहे हैं।' मार्वल टेलीविजन के चीफ ब्रैड विंडरबाम बताया कि प्रोडक्शन 2027 में लंदन में होगा।



सबसे ज्यादा फिल्में करने का रिकॉर्ड टॉम के नाम

लॉस एंजिल्स। सबसे ज्यादा फिल्में करने के रिकॉर्ड्स पर आंकड़े कई तरह के हैं। कोई कुछ कहता है तो कोई कुछ। लेकिन, गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड और फिल्म फैक्ट्स की मानें तो सबसे ज्यादा फिल्में करने का रिकॉर्ड हॉलीवुड एक्टर टॉम लंदन के नाम है। उन्होंने अपने करियर में कुल 2000 से ज्यादा फिल्में की हैं। इसकी शुरुआत साल 1903 की लघु फिल्म द ग्रेट ट्रेन रॉबरी से हुई थी। वहीं, दूसरी तरफ वे बी-वेस्टर्न फिल्मों में ज्यादा नजर आए। ये 1930-50 के दशक में ऐसी फिल्में होती थीं, जो कम बजट में बनती थी और छोटी होती थीं। टॉम ने ऐसी कई सारी फिल्में कीं। वहीं, वे सहायक और विलेन की भूमिकाओं में ज्यादा नजर आए। एरिक रॉबर्ट्स की बात करें तो उनका नाम इस लिस्ट में चौथे नंबर पर आता है। एरिक ने कई फिल्मों में काम किया है और वे अभी भी सिनेमा की दुनिया में सक्रिय हैं। उन्होंने 1978 में किंग ऑफ द जिप्सीज से अपने कॅरियर की शुरुआत की थी। वहीं, इसके बाद से वे बेस्ट ऑफ द बेस्ट, द डार्क नाइट, द स्पेशलिस्ट, स्टार 80, द एक्सपेंडेबल्स, द एंबुलेंस, द परफेक्ट समर और स्टैंड योर ग्राउंड जैसी फिल्मों में नजर आ चुके हैं।



इश्क, दर्द और एक्शन से भरपूर है गुरमीत-ईशा की फिल्म

मुंबई। गुरमीत चौधरी जल्द ही फिल्म 'तुम मेरे हो' में ईशा मालवीय के साथ नजर आएंगे। आशीष पांडा द्वारा निर्देशित इस फिल्म का ट्रेलर मेकर्स ने शुक्रवार को जारी कर दिया है। फिल्म का निर्देशन आशीष पांडा ने किया है। फिल्म 'तुम मेरे हो' 23 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म 'तुम मेरे हो' के साथ एक्ट्रेस ईशा बॉलीवुड में अपना डेब्यू करने जा रही हैं। वहीं, गुरमीत इस फिल्म के जरिए पहली बार बतौर निर्माता भी अपनी नई पारी शुरू कर रहे हैं। दोनों एक्टर्स फिल्म में लीड रोल में नजर आएंगे। इससे पहले गुरमीत और ईशा कई टीवी शोज का हिस्सा रह चुके हैं। फिल्म के ट्रेलर में रोमांस, इमोशन और एक्शन की झलक देखने को मिल रही है। ट्रेलर की शुरुआत में खूबसूरत लव स्टोरी शुरू होती दिखती है, लेकन जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है। उसके बाद कई मोड़ देखने को मिलते हैं, जिसमें हार्ट-ब्रेक और एक्शन से भरे सीन्स नजर आते हैं।



सिरकटा के बाद नए भूत से होगा 'विक्की' का सामना!

मुंबई। सितारों के साथ चलने वाली लंबी-चौड़ी टीम को लेकर अक्सर सवाल उठते रहते हैं। हालांकि, कुछ कलाकार हैं जो अपनी टीम का खर्च निर्माताओं पर नहीं थोपते हैं। उनमें अभिनेता राजकुमार राव भी हैं। उनके साथ केवल चार लोग ही होते हैं, वह खुद निर्माता भी हैं तो खुद को निर्माता का एक्टर भी मानते हैं। अपनी फ्रेंचाइज फिल्म स्त्री 3 को लेकर राजकुमार ने कहा कि बिल्कुल वह आ रही है। अगले साल शूट शुरू करने की योजना है। कहानी पर काम चल रहा है। ऐसा नहीं है कि लाने के लिए बस फिल्म लेकर आ रहे हैं। राजकुमार राव कहते हैं, मुझे कभी अपनी टीम छोटी करनी ही नहीं पड़ी। मेरे साथ चार लोग ही रहते हैं, जिनमें मेकअप और हेयर के लिए दो लोग, एक असिस्टेंट और एक सिक्योरिटी से होते हैं। पांच साल से यही है। मुझे लगता है कि कलाकार को निर्माता का एक्टर होना चाहिए। किसी चीज को लेकर जबरदस्ती नहीं करनी चाहिए।

टीवी मसाला



नाना को याद कर भावुक हुए अमिताभ साझा किया केबीसी का वीडियो

नई दिल्ली। नाना पाटेकर के निधन पर सदी के महानायक अमिताभ बच्चन ने दुख का इजहार किया है। उन्होंने उनके साहस की तारीफ की है। इसके अलावा उन्होंने उनके कामों के बारे में बताया है। अमिताभ ने भारतीय सिनेमा और समाज में उनके बेमिसाल योगदान को याद किया है। अमिताभ बच्चन ने एक ट्वीट शेयर किया है। इसमें उन्होंने 'कौन बनेगा करोड़पति' का वीडियो शेयर किया है। उन्होंने वीडियो के कैप्शन में लिखा 'स्तब्ध! हर दूरे दिन उनका और हमारा संपर्क मैसेज द्वारा रहता था। आज उनका मैसेज नहीं आया!' इस वीडियो में बोलते हुए, अमिताभ बच्चन ने पाटेकर को एक असाधारण कलाकार, दोस्त, शुभचिंतक और बेहतरीन समाज सेवक बताया, जिन्होंने उन्हें जानने वाले हर व्यक्ति पर गहरा प्रभाव डाला। उन्होंने कहा, 'उनकी बेबाकी, सादगी और सच बोलने की हिम्मत उन्हें दूसरों से अलग बनाती थी। कुछ लोग हमारी जिंदगी से चले जाते हैं, मगर उनकी आवाज, समाज सेवा और उन्होंने जो सीख दी, वह हमारे भीतर बनी रहती है।' नाना के साथ बिताए पलों को याद करते हुए, बच्चन ने पाटेकर के समर्पित समाज सेवा कार्यों, खासकर महाराष्ट्र के सूखा प्रभावित गांवों में किसानों से से जुड़ने और उनकी मदद करने के काम का जिक्र किया। बच्चन ने आगे कहा, 'उनकी बातों ने न केवल हमें प्रभावित किया, बल्कि उन्होंने जो पैसा कमाया, उसे नेक कामों में लगाया, जो समाज सेवा की उनकी झलक है।' नाना पाटेकर हाल ही में फिल्म 'वनवास' के प्रमोशन के लिए केबीसी के सेट पर पहुंचे थे। उनके साथ फिल्म के दूसरे कलाकार भी थे।

ओटीटी पर धमाका करने आ रही नई सीरीज

नई दिल्ली। चार यारों के साथ अब ओटीटी पर मस्ती दोगुनी होने वाली है। हाल ही में एक नई सीरीज की अनाउंसमेंट हुई है, जो कॉमेडी और उथल-पुथल से भरी होगी। इसमें एक्टर और यूट्यूबर पुरव झा भी मुख्य भूमिका में हैं। यह सीरीज 'चार यार' है। विनय वाइकुल ने सीरीज को डायरेक्ट किया है, जबकि संबित मिश्रा और सौरभ सावंत ने इसे लिखा है। शुक्रवार को सीरीज का ऐलान किया गया है। 'चार यार' का पहला पोस्टर आउट हो गया है। यह 8 एपिसोड की सीरीज 23 अक्टूबर से ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी। प्राइम वीडियो पर आ रही 'चार यार' सीरीज में पूरव झा, नमन जैन, साकिब अय्यूब और प्रयाक मेहता लीड रोल्स में हैं, वहीं सई ताम्हणकर, सिकंदर खेर, दिब्येंदु भट्टाचार्य, राजेश तैलंग, चंकी पांडे और भगवती पेरुमल भी अहम भूमिकाओं में हैं। सीरीज की कहानी चार दोस्तों के इर्द गिर्द घूमती है, जो 2000 के शुरुआती वक्त पर सेट है।



अपनी 'गर्ल गैंग' संग वेकेशन पर निकलीं आलिया, शेयर की खूबसूरत तस्वीरें

मुंबई। बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट इन दिनों अपने काम से ब्रेक लेकर खास दोस्तों के साथ एक शानदार वेकेशन एंजॉय कर रही हैं। हाल ही में आलिया ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से इस वेकेशन की कई खूबसूरत तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में आलिया अपनी गर्ल-गैंग के साथ मस्ती भरे अंदाज में पोज देती नजर आ रही हैं। कहीं वो दोस्तों के साथ कार में हंसते-खिलखिलाते सेल्फी ले रही हैं, तो कहीं किसी खूबसूरत लोकेशन पर रेड ड्रेस में अपना एलिगेंट लुक फ्लॉन्ट करती दिखीं। तस्वीरों में उनकी दोस्तों के साथ खास बॉन्डिंग और वेकेशन वाइब साफतौर पर दिख रही है। तस्वीरों से भी ज्यादा चर्चा आलिया के दिए कैप्शन की हो रही है। उन्होंने अपनी इस पोस्ट को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा- जी ले जरा कैप्शन में लिखे इस फ्रेज को देखते ही फैन्स और नेटिजन्स काफी एक्साइटेड हो गए हैं।



दोस्तों के साथ 'जी ले जरा'

दरअसल, फरहान अख्तर की फिल्म 'जी ले जरा' में आलिया भट्ट, प्रियंका चोपड़ा और कैटरीना कैफ के एक साथ दिखने की खबरें थीं। ऐसे में आलिया का दोस्तों के साथ 'गर्ल्स ट्रिप' की तस्वीरों पर यह कैप्शन देना फैन्स के बीच एक्साइटमेंट लेवल को बढ़ा रहा है। सोशल मीडिया पर आलिया की ये तस्वीरें आते ही वायरल हो गई हैं और उनके फैन्स कमेंट सेक्शन में उनके लुक और उनकी गर्लगैंग की बॉन्डिंग की जमकर तारीफ कर रहे हैं। हालांकि, यहां न तो रणबीर कपूर नजर आए और न ही उनकी बेटी राहा।

कैकेयी और मंथरा की झलक आई सामने, लारा-शीबा के चेहरे पर दिखा दंभ

नई दिल्ली। रामायण के मेकर्स नमित मल्होत्रा ने फिल्म से रानी कैकेयी के रूप में लारा दत्ता, और मंथरा के रूप में शीबा चड्ढा के कैरेक्टर पोस्टर्स से पर्दा उठा दिया है। यह पोस्टर महाकाव्य के दो अहम किरदारों को सामने लाते हुए उन घटनाओं की तरफ इशारा करता है कि कैसे ये भगवान राम का भाग्य हमेशा के लिए बदल देंगी। रामायण के मेकर्स ने फिल्म के दो बेहद अहम किरदारों के दो नए कैरेक्टर पोस्टर्स को रिलीज कर दिया है। बता दें कि यह रानी कैकेयी के रूप में लारा दत्ता और मंथरा के रूप में शीबा चड्ढा के कैरेक्टर पोस्टर्स हैं, जिसमें दर्शक इस महाकाव्य के दो बहुत ही खास किरदारों से रूबरू हो पा रहे हैं। पोस्टर्स ने कहानी के टर्निंग प्वाइंट की ओर इशारा किया है। रानी कैकेयी की दो इच्छाएं जो राजा दशरथ और उनके बेटे भगवान राम के लिए सब कुछ बदल देती हैं, वहीं रानी के इस कदम के पीछे मौजूद मंथरा की बातें होती हैं, जो ऐसी घटनाओं का सिलसिला शुरू करती है, जिससे पूरे राज्य का भविष्य बदल जाता है। यह दोनों नए पोस्टर्स अरुण गोविल के राजा दशरथ के रूप में जारी किए गए पोस्टर के बाद सामने आए हैं।



शानदार पारंपरिक पोशाक

अरुण गोविल जिन्होंने कई पीढ़ियों के दिलों में भगवान राम के रूप में टीवी पर अपनी पहचान बनाई, वह अब अयोध्या के राजा दशरथ के रूप में रामायम की दुनिया के जरिए लौट रहे हैं। पोस्टर में शाही अंदाज में लारा दत्ता के कैकेयी अवतार को पेश किया गया है, जिसमें शानदार पारंपरिक पोशाक और गहनों में वह अयोध्या की रानी के तौर पर नजर आ रही हैं। वहीं, शीबा चड्ढा का मंथरा के किरदार में लुक बेहद अलग है, जिसमें वे अपने हाथों में अपनी कुछ चीजें पकड़ी हुईं नजर आ रही हैं। मेकर्स ने पोस्टर्स को शेयर करते हुए लिखा, 'एक रानी। एक मां। पिता के प्यार को धोखा देने वाली दो इच्छाएं, जो राम के भाग्य को हमेशा के लिए बदल देंगी। एक भरोसेमंद साथी। एक शातिर दिमाग, जिसकी फुसफुसाहट एक मां के प्यार को पूरे राज्य के सबसे काले दौर में बदल देगी।

हॉरर-कॉमेडी, बायोपिक, क्राइम थ्रिलर और रोमांटिक कॉमेडी देखने को मिलेंगी

जिंदगी का सफर थमा, मगर पर्दे पर आने बाकी हैं नाना के पांच किरदार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता नाना पाटेकर ने दुनिया से अलविदा कह दिया, लेकिन जाने के बाद भी वह अपने अभिनय का जादू दिखाएंगे। दरअसल, नाना की पांच फिल्में रिलीज होना अभी बाकी है। इन फिल्मों में हॉरर-कॉमेडी, बायोपिक, क्राइम थ्रिलर और रोमांटिक कॉमेडी जैसी अलग-अलग कहानियां दर्शकों को देखने को मिलेंगी।

शक्ति शालिनी

नाना पाटेकर की आने वाली फिल्मों में 'शक्ति शालिनी' को उनकी आखिरी बड़ी पर्दे की फिल्म माना जा रहा है। आदित्य सरपोतदार के निर्देशन में बन रही यह फिल्म मैडॉक फिल्म्स के हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स का हिस्सा है। फिल्म में मैडॉक फिल्म्स और विशाल जेठवा भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म की कहानी शक्ति नाम की एक आम महिला के इर्द-गिर्द घूमती है, जो शालिनी नाम की बदला लेने वाली आत्मा की रक्षक बन जाती है। नाना के किरदार के बारे में अभी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। हालांकि, कुछ रिपोर्ट्स में उनके किरदार को एक तांत्रिक बताया गया है। फिल्म पहले 24 दिसंबर को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब इसकी रिलीज की तारीख में बदलाव हो सकता है।



वेदांता

नाना पाटेकर की पांचवीं आने वाली फिल्म 'वेदांता' है। राजेश्वर पांडे राज के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में नाना के साथ विक्रांत मैसी, संदीप धर और मुकेश तिवारी भी नजर आएंगे। फिल्म की कहानी, नाना के किरदार और इसकी रिलीज की तारीख के बारे में फिलहाल ज्यादा जानकारी उपलब्ध नहीं है। उनकी बाकी आने वाली फिल्मों के मुकाबले इस प्रोजेक्ट के बारे में अब तक कम जानकारी सामने आई है।

ईठा

लक्ष्मण उतेकर के निर्देशन में बन रही 'ईठा' महाराष्ट्र की मशहूर लोक कलाकार विठाबाई नारायणगांवकर के जीवन से प्रेरित है। विठाबाई तमाशा और लावणी जैसी लोक कलाओं से जुड़ी एक प्रसिद्ध कलाकार थीं। फिल्म में श्रद्धा कपूर मुख्य भूमिका निभा रही हैं। उनके साथ रणदीप हुड्डा, अनंत जोशी और नाना पाटेकर भी नजर आएंगे। फिल्म 4 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

द कन्फेशन ऑफ मैरी

'द कन्फेशन ऑफ मैरी' एक क्राइम ड्रामा फिल्म है, जिसमें नाना फादर बेनेडिक्ट नाम के एक कैथोलिक पादरी का किरदार निभा रहे हैं। उन पर एक महिला की हत्या का आरोप लगता है। फिल्म का निर्देशन अनंत नारायण महादेवन ने किया है। यह फिल्म केरल में 1966 में हुए मदथारुवी हत्याकांड से प्रेरित है। इस मामले में मरियाकुट्टी नाम की महिला की हत्या हुई थी और एक पादरी पर आरोप लगे थे। फिल्म में नाना पाटेकर के अलावा आदिल हुसैन, आशीष विद्यार्थी, गौतम रोड़े और नेहा महाजन समेत कई कलाकार नजर आने वाले हैं। इस फिल्म को टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में स्क्रीनिंग के लिए चुना गया था। फिल्म के सह-निर्माता सुभाष काले ने यह भी बताया था कि नाना ने अपनी मौत से कुछ समय पहले एक लाइन की डबिंग करने के लिए मुंबई लौटने वाले थे।

कुकू की कुंडली

नाना पाटेकर की आने वाली फिल्मों में रोमांटिक कॉमेडी 'कुकू की कुंडली' भी शामिल है। शरण शर्मा के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में भुवन बाम और वामिका गब्बी मुख्य भूमिकाओं में हैं। नाना पाटेकर भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म की कहानी एक ऐसे रिश्ते पर आधारित है, जिसमें कुंडली की वजह से परेशानियां खड़ी हो जाती हैं। कुंडली को लेकर पैदा हुए मतभेदों का असर कपल और उनके परिवारों पर पड़ता है।

नाट्य विधा के अनवेषण के लिए हर वर्ष होती है प्रतियोगिता : रविंद्र

जिला स्तरीय विज्ञान नाटक प्रतियोगिता में सूरज स्कूल की टीम प्रथम

प्रथम टीम चार व पांच नवंबर को राज्य स्तर पर लेगी हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

एससीईआरटी हरियाणा की ओर से जिला स्तरीय उत्तरी भारत विज्ञान नाटक प्रतियोगिता 2026-27 का आयोजन नव ज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल मांदी में सम्पन्न हुआ। इस वर्ष प्रतियोगिता का मुख्य विषय समाज और विज्ञान रहा। जिसके अंतर्गत चार उप-विषय कृत्रिम बुद्धिमत्ता-मित्र, साधन या खतरा?, ई-वाहन-आगे का रास्ता, अंतरतारकीय आवास और महासागरों का पुनरुद्धार पर नाट्य प्रस्तुतियां दी गईं।

जिले के सभी खंडों से ब्लॉक स्तर पर प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त टीमों ने जिला स्तर पर भाग लिया। प्रत्येक टीम में अधिकतम आठ कलाकार, एक निर्देशक और एक लेखक शामिल थे। नाटक की अवधि 30 मिनट निर्धारित थी। निर्णायक मंडल द्वारा 100 अंकों में मूल्यांकन किया गया, जिसमें प्रस्तुति के 50 अंक, वैज्ञानिक सामग्री के 30 अंक और प्रभावशीलता के 20 अंक शामिल थे। विद्यार्थियों ने वेशभूषा, नृत्य, संगीत, मूकाभिनय, मॉडल, पोस्टर एवं एवी सहायक सामग्री का प्रयोग कर जटिल वैज्ञानिक विचारों को सरलता से मंच पर प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ एससीईआरटी में विज्ञान विभाग के साइंस ड्रामा स्टेट कोऑर्डिनेटर डॉ संजय प्रकाश कौशिक ने किया। उन्होंने बताया कि जिले से विज्ञान ड्रामा में प्रथम स्थान करने वाली टीम आगामी महीने में चार एवं पांच नवंबर को राज्य स्तर पर हिस्सा लेगी। जिला विज्ञान विशेषज्ञ रविंद्र कुमार ने बताया कि सरकार द्वारा विद्यार्थियों को संचार के माध्यम के रूप में नाट्य विधा के अन्वेषण हेतु प्रोत्साहित करने के लिए हर वर्ष इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। यह विद्यार्थियों को विज्ञान को कहानी और कला के माध्यम से समझाने का रचनात्मक मंच प्रदान करता है। वहीं जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. विश्वेश्वर ने कहा कि साइंस ड्रामा विद्यार्थियों को नाटक के माध्यम से विज्ञान के बारे में अपने विचारों को व्यक्त करने का अवसर देता है। यह जटिल वैज्ञानिक विचारों को सरल और सुलभ तरीके से प्रस्तुत करने का एक रचनात्मक माध्यम है।



नारनौल। विज्ञान नाटक का मंचन करते हुए प्रतिभागी।

ये रहे प्रतियोगिताओं के परिणाम

सूरज स्कूल महेंद्रगढ़ की टीम प्रथम रही। आरपीएस स्कूल नारनौल की टीम द्वितीय और यदुवंशी शिक्षा निकेतन नारनौल टीम तृतीय रही। इन विजेता टीमों को जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. विश्वेश्वर एवं नव ज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल मांदी के चेयरमैन सोमवीर यादव ने सर्टिफिकेट एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली सूरज स्कूल महेंद्रगढ़ की टीम अब नवंबर माह में एससीईआरटी गुरुग्राम में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में महेंद्रगढ़ जिले का प्रतिनिधित्व करेगी। राज्य स्तर पर प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमें उत्तर भारत विज्ञान नाट्य प्रतियोगिता में भाग लेंगी। इस मौके पर निर्णायक मंडल में असिस्टेंट प्रोफेसर रसायन विज्ञान चिरंजीव तायल, असिस्टेंट प्रोफेसर जीव विज्ञान संतोष, असिस्टेंट प्रोफेसर भौतिक विज्ञान डॉ पवन कुमार सहित अनेक शिक्षक मौजूद रहे।

राव दान सिंह ने किया श्री आदर्श रामलीला कमेटी की 35वीं रामलीला का शुभारंभ

नारद मोह की लीला ने बांधा समां, मंचन ने लगाए चार चांद, दर्शकों का मोहा मन

भगवान शिव पार्वती के संवाद से हुई शुरू, नारद के रूप में सुरेश का आगमन होते ही वातावरण भक्तिरस से सराबोर हो उठा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

श्री आदर्श रामलीला कमेटी के दिव्य रंगमंच पर नारद मोह की लीला का प्रभावशाली मंचन हुआ। पूर्व सीपीएस राव दान सिंह ने रिबन काटकर तथा भगवान गणेश और मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कमेटी की 35वीं रामलीला का विधिवत शुभारंभ किया। कमेटी ने अतिथि देवो भव की परंपरा निभाते हुए उनका पुष्पमालाओं से स्वागत किया और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। राव दान सिंह ने कमेटी को सहायता स्वरूप 51 हजार रुपये की राशि भेंट की । उनके साथ आए नंदलाल यादव, डीएसपी अशोक कोथल, प्रमानंद गर्ग, रामरुप प्रधान, एडवोकेट सतेन्द्र यादव, रंगराव यादव, हरिसिंह सुबेदार, सुरेंद्र बैरावास आदि अतिथि ने भी बतौर धनराशि देकर आर्थिक सहायता की कमेटी की ओर उन्हें अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। प्रथम दृश्य में भगवान शिव और माता पार्वती के संवाद से शुरू हुई लीला जैसे जैसे परवान चढ़ती गई दर्शकों में भी उत्सुकता बढ़ती गई। नारद के रूप में सुरेश गोस्वामी का आगमन होते ही वातावरण भक्तिरस से सराबोर हो उठा। उनके मधुर कंठ से निकली नारायण व कमलापति की की स्तुति व इंद्र कामदेव के अभिनय ने मंचन को निखारा। इसी बीच सतीश सोनी का मधुर संगीत भक्ति की भावनाएं गहराई घोलती चली गईं।


महेंद्रगढ़। लीला के दौरान मंचन करते कलाकार। फोटो : हरिभूमि

रामलीला में श्रवण कुमार की कथा का मंचन



नारनौल। श्री धार्मिक रामलीला चांदुवाड़ा के रंगमंच पर वीरवार रात गणेश पूजन व भगवान राम के जयघोष के साथ लीला का शुभारंभ हुआ। प्रथम दिन शिव-पार्वती संवाद, शिव तलहटी में देववती-रावण प्रसंग तथा श्रवण कुमार की कथा का भावपूर्ण मंचन किया गया। कलाकारों ने अभिनय के माध्यम से भारतीय संस्कृति, संस्कारों और माता-पिता की सेवा का संदेश दिया। रामलीला के शुभारंभ अवसर पर समाजसेवी वासुदेव यादव, डॉ. कृष्ण आर्य, शकुंतला संघी, प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट के प्रधान डॉ. संजय शर्मा व भीमशर्मा अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रथम दिन शिव-पार्वती संवाद के मंचन में भगवान शिव की भूमिका जगदीश भारद्वाज तथा माता पार्वती की भूमिका राजेश सोनी ने निभाई। वहीं, नंदी के किरदार में ट्रस्टी शंभू दयाल गर्ग ने अपने प्रभावशाली अभिनय से दर्शकों की खूब सराहना बटोरी।

रामलीला के मंच पर प्रभु श्रीराम ने लिया अवतार



नारनौल। शहर की अनाज मंडी स्थित श्री कृष्णा ड्रॉमेटिक क्लब के रंग मंच पर भगवान नारायण सेवा संस्था की ओर से आयोजित की जा रही रामलीला मंचन के दूसरे दिन भगवान राम का जन्म विराट रूप, ताड़का वध का मंचन किया गया। मंच संचालक रतनलाल भास्कर ने किया। रामलीला का शुभारंभ नरेश कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में सरस्वती मैया के आगे दीप प्रज्ज्वलित कर किया। रामलीला संरक्षक प्रेम गुलाठी ने बताया कि श्रीराम जन्म की लीला के मंचन देख दर्शक हुए भाव-विभोर हुए। प्रभारी दयानंद सैनी, विजय जैन ने बताया कि रामलीला के मंच पर दूसरे दिन राम जन्म, विराट रूप, ताड़का वध की लीला का मंचन किया गया। इसमें विष्णु भगवान-रामकिशोर अग्रवाल, राम का किरदार ध्रुव वर्मा, लक्ष्मण का कनिष्क कोहली, दशरथ-विष्णु डहनवाल, विश्वामित्र-भारत भूषण तायल, कौशल्या-सतीश बेदी, विष्णु भगवान-राम किशोर अग्रवाल, तड़का-वेदप्रकाश सैनी, भरत-हिमांशु निर्मल, शत्रुघ्न-हितेश बिल्ला, वशिष्ठ-मनोज निर्मल, श्रृंगी ऋषि-नवीन सिंघल, बधाई लेने वाले रमेश पंडित, विवेक शर्मा, दर्शन कुमार, हितेश वर्मा, पंडित जी दरबान-महावीर ने अभिनय किया।

झंडा चौक रामलीला में भगवान श्रीराम के जन्म का भव्य मंचन



मंडी अटेली। चौक पर श्री शिव रामलीला समिति की ओर से आयोजित रामलीला के तीसरे दिन भगवान श्रीराम के जन्म की लीला का भव्य मंचन किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी वीरेंद्र लांबा एवं पूर्व सरपंच सुरेश एडवोकेट तथा सुनील लांबा मुख्य अतिथि रहे। राम जन्मोत्सव के प्रसंग को कलाकारों ने आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया, जिसे देखकर पूरा रामलीला परिसर जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। रामलीला के प्रथम दृश्य में महाराज दशरथ का दरबार लगाया गया। राजा दशरथ को चिंतित देखकर गुरु वशिष्ठ ने उनकी चिंता का कारण पूछा। इस पर राजा दशरथ ने संतान न होने का दुख व्यक्त किया। गुरु वशिष्ठ ने उन्हें ऋषि श्रृंगी के पास जाकर पुत्र प्राप्ति का उपाय पूछने की सलाह दी। राजा दशरथ ऋषि श्रृंगी के पास पहुंचे, जहां उन्हें पुत्र प्राप्ति के लिए यज्ञ करवाने का सुझाव दिया गया। राजा दशरथ ने विधि-विधान से यज्ञ करवाया। यज्ञ से प्रसन्न होकर भगवान ने उन्हें खीर से भरा कटोरा प्रदान किया और तीनों रानियों को खिलाने के लिए कहा। राजा दशरथ ने खीर का प्रसाद माता कौशल्या, कैकेयी और सुमित्रा को खिलाया। इसके बाद माता कौशल्या को भगवान श्रीनारायण के दर्शन हुए। भगवान ने उन्हें बताया कि वह मानव रूप में उनके गर्भ से जन्म लेंगे और उन्हें माता बनने का सौभाग्य प्राप्त होगा। कुछ समय बाद माता कौशल्या ने भगवान श्रीराम, कैकेयी ने भरत तथा सुमित्रा ने लक्ष्मण और शत्रुघ्न को जन्म दिया। भगवान श्रीराम के जन्म के साथ ही अयोध्या में उत्सव का माहौल छा गया। राजा दशरथ ने राम जन्मोत्सव के दौरान बधाई मांगने पहुंचे किन्नरों के सुंदर नृत्य ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुति देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। इस दौरान दशरथ की भूमिका सुनील एडवोकेट ने निभाई, जबकि जियांश, कायरा, दितीया और दृश्य ने बाल कलाकारों के रूप में भूमिकाएं निभाईं।

न्यूज डायरी



देश का भविष्य युवाओं की सही दिशा पर निर्भर करता है: पूर्व मंत्री अभय यादव

नारनौल। राजकीय महाविद्यालय के सरस्वती हाल में पूर्व सिंचाई मंत्री डॉ. अभय सिंह यादव ने युवा राष्ट्र की नींव विषय पर व्याख्यान दिया। प्राचार्य डॉ. कृष्ण कुमार ने उनका स्वागत किया। मुख्य वक्ता पूर्व मंत्री डॉ. अभय सिंह यादव ने कहा कि देश और समाज का भविष्य युवाओं की सही दिशा और दशा पर निर्भर करता है। युवा शक्ति किसी भी राष्ट्र की रीढ़ होती है और उचित मार्गदर्शन से देश को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकती है। विद्यार्थियों को निरंतर कड़ी मेहनत और सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थी जीवन बेहद अनमोल होता है। यह समय दोबारा लौटकर कभी वापस नहीं आता है। इसलिए विद्यार्थियों को इस दौर का सदुपयोग करना चाहिए। उन्हें हमेशा सही दिशा में मेहनत करनी चाहिए।



परिवर्तन परियोजना के तहत हर गांव में दस किसानों को कृषि उपकरण वितरित

नारनौल। एसएम सहगल फाउंडेशन एवं एचडीएफसी बैंक के साझा प्रयास से संचालित परिवर्तन परियोजना के अंतर्गत ग्राम जांजरियावास, देवास व पल्ह में किसानों को सामूहिक उपयोग के लिए आधुनिक कृषि उपकरण वितरित किए गए। इस पहल के तहत प्रत्येक गांव में 10-10 किसानों के कृषि उपकरण संचालन समूह गठित किए गए हैं, ताकि किसान आपसी सहयोग से कृषि यंत्रों का उपयोग कर खेती को अधिक सुविधाजनक एवं लाभकारी बना सकें। किसानों को थ्रेशर, रीपर हार्वेस्टर, स्प्रे मशीन, प्लाऊ (हल), बिजाई मशीन, पावर हैरो एवं पावर वीडर सहित कुल 19 प्रकार के कृषि यंत्र उपलब्ध करवाए गए। इन उपकरणों की मदद से किसान खेत की तैयारी, बुवाई, फसल प्रबंधन, खरपतवार नियंत्रण एवं कटाई जैसे कृषि कार्यों को समय पर पूरा कर सकेंगे।



पूर्व सीएम दुष्यंत चौटाला नुक्कड़ सभाएं कल, कार्यकर्ताओं ने तैयारियां की तेज

नांगल चौधरी। पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला 11 अक्टूबर को नांगल चौधरी हलके के विभिन्न गांवों में नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम को लेकर जननायक जनता पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने तैयारियां तेज कर दी हैं। नुक्कड़ सभाओं को सफल बनाने के लिए जेजेपी हलका प्रधान एडवोकेट प्रमोद ताखर, हलका प्रभारी विनोद भील तथा कार्यकारिणी सदस्य हजारीलाल लंबोरा की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया है। पार्टी के पदाधिकारियों ने ग्रामीणों से संपर्क कर दुष्यंत चौटाला की प्रस्तावित नुक्कड़ सभाओं में पहुंचने का आह्वान किया। साथ ही कार्यक्रमों को व्यवस्थित तरीके से संपन्न करवाने के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई। पदाधिकारियों ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने स्तर पर अधिक से अधिक लोगों को कार्यक्रम से जोड़ने का प्रयास करना है।

वैल्यू चेन पार्टनर्स एवं किसान उत्पादक संगठनों के चयन के लिए आवेदन आमंत्रित

नारनौल। हरियाणा सरकार द्वारा प्रदेश में तिलहन फसलों के उत्पादन को बढ़ावा देने और किसानों की आय में वृद्धि करने के उद्देश्य से 'राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन' को प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है। जिले में तिलहन फसल क्लस्टरों के सुचारू संचालन एवं प्रबंधन के लिए वैल्यू चेन पार्टनर्स के चयन के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इसके लिए जिले के पात्र (किसान उत्पादक संगठनों) सहकारी समितियों और सार्वजनिक व निजी कंपनियां 12 अक्टूबर तक आवेदन कर सकती हैं। यह जानकारी देते हुए कृषि तथा किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक कृषि (डीडीए) नेहा ने बताया कि पंजीकरण के लिए आवेदक संस्था का कंपनी अधिनियम या सहकारी समिति अधिनियम के तहत पंजीकृत होना अनिवार्य है। संस्था को संबंधित जिले में कम से कम तीन वर्ष का कार्य अनुभव होना चाहिए।

खबर संक्षेप

स्वरोजगार के लिए 2 लाख तक ऋण आवेदन आमंत्रित

नारनौल। हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम द्वारा अनुसूचित जाति के बेरोजगार व्यक्तियों को स्वरोजगार स्थापित करने के लिए विभिन्न ऋण योजनाओं के तहत ऋण आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक की पीपीपी के अनुसार वार्षिक पारिवारिक आय तीन लाख रुपये तक, आयु 18 से 45 वर्ष तथा हरियाणा राज्य का स्थाई निवासी होना आवश्यक है। एडीसी ने बताया कि बैंक टाईअप स्कीम के तहत अधिकतम एक लाख 50 हजार रुपए का ऋण विभिन्न गतिविधियों के लिए उपलब्ध करवाया जाएगा।



लंबित मामलों का शीघ्र करें निपटान : उपायुक्त

नारनौल। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार दयालु-II योजना के तहत पीड़ित परिवारों को समय पर आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से उपायुक्त अनुपमा अंजली ने शुक्रवार को लघु सचिवालय में बैठक की। बैठक में योजना के तहत प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की गई। बैठक में योजना के ऑनलाइन पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों की स्थिति की जानकारी ली गई। अधिकारियों ने बताया कि जिले में मृत्यु, दिव्यांगता तथा चोट व कुत्ते के काटने के कुल 43 मामले पोर्टल पर प्राप्त हुए हैं। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित और दोबारा खोले गए मामलों का निपटान प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित समय-सीमा में किया जाए। उन्होंने कहा कि यह योजना कठिन समय में पीड़ित परिवारों को राहत पहुंचाने के लिए है। ऐसे में इसमें किसी भी स्तर पर अनावश्यक देरी न की जाए। आवेदकों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, इसके लिए सत्यापन व दस्तावेजी कार्रवाई समय पर पूरी की जाए। बैठक में समिति ने कुत्ते के काटने के पांच मामलों में पीड़ितों को दी जाने वाली मुआवजा राशि पर विचार किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के अनुसार की गई सिफारिशों तथा पुलिस अधीक्षक कार्यालय द्वारा किए गए सत्यापन के आधार पर इन मामलों की समीक्षा की गई।

डीएमएफ से 489 पात्रों तक पहुंचेगी पोषण किट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। टीबी मरीजों को किट वितरित करती डीसी अनुपमा अंजली।

प्रधानमंत्री के टीबी मुक्त भारत अभियान और मुख्यमंत्री हरियाणा की प्रतिबद्धता के अनुरूप हरियाणा सरकार की ओर से चलाई जा रही निक्षय पोषण योजना के तहत शुक्रवार को लघु सचिवालय में टीबी मरीजों को पोषण किट वितरित की गई। उपचार के दौरान मरीजों को पोषण सहयोग उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। उपायुक्त अनुपमा अंजली ने कुछ लाभार्थियों को किट सौंपकर प्रतीकात्मक रूप से वितरण की शुरुआत की। जिले के कुल 489 लाभार्थियों को पोषण किट उनके घर भिजवाई जा रही है। इन किटों पर होने वाला खर्च जिला खनिज फंड (डिस्ट्रिक्ट माइनिंग फंड) से किया गया है। कार्यक्रम के दौरान नारनौल निवासी अरुण नूनीवाल ने 17 टीबी मरीजों को गोद लिया। वे इन मरीजों को उनके घर पर पोषण किट भिजवाएंगे। डीसी ने बताया कि निक्षय पोषण योजना के तहत उपचार के दौरान टीबी मरीजों को हर महीने 1000 रुपये का पोषण भत्ता भी दिया जाता है। टीबी के इलाज में दवा के साथ संतुलित और पौष्टिक आहार भी जरूरी है, ताकि मरीज जल्द स्वस्थ हो सकें। उपायुक्त ने जिले के सक्षम लोगों, सामाजिक संस्थाओं और स्वयंसेवी संगठनों से अपील की कि वे आगे आएं और निक्षय मित्र बनकर टीबी मरीजों को गोद लें तथा उपचार अवधि में उन्हें पोषण सहायता उपलब्ध कराएं। इस मौके पर सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार, उप सिविल सर्जन डॉ. नवीन कुमार आदि मौजूद रहे।

12 को दिल्ली में जाएंगे कांग्रेस कार्यकर्ता: महेंद्र

मंडी अटेली। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता महेंद्र सिंह राता एवं सिहमा ब्लॉक के नवयुक्त अध्यक्ष पूर्व चेयरमैन दिलीप सिंह ने शुक्रवार को प्रेस नोट जारी कर बताया कि वोट चोरी और लोकतंत्र व संविधान की रक्षा के मुद्दे पर कांग्रेस की ओर से दिल्ली में किए जा रहे प्रदर्शन में शामिल होने के लिए अटेली विधानसभा क्षेत्र और सिहमा ब्लॉक से हजारों कार्यकर्ता 12 अक्टूबर को दिल्ली के जंतर-मंतर पहुंचेंगे। महेंद्र सिंह राता एवं दिलीप सिंह ने बताया कि पार्टी के अखिल भारतीय कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, प्रदेश प्रभारी संजय दत्त और प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह के आह्वान पर हजारों कार्यकर्ता प्रदर्शन में भाग लेंगे।

हरियाणा पब्लिक स्कूल में भाविप ने भारत जानो प्रतियोगिता के तहत किया कार्यक्रम

प्रश्न मंच में 32 विद्यालयों की टीम की रही भागीदारी

आठ टीमों ने फाइनल राउंड में पक्का किया अपना स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

भारत विकास परिषद शाखा द्वारा भारत को जानो प्रतियोगिता के अंतर्गत कनिष्ठ वर्ग की प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन शुक्रवार को नांगल चौधरी रोड स्थित हरियाणा पब्लिक स्कूल में किया गया। जिसमें स्कूल के एमडी डॉ. हितेश वर्मा व निधि वर्मा तथा केएल फ्लेक्स के डायरेक्टर पवन यादव व मुकेश देवी मुख्य अतिथि रहे। अध्यक्षता परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष एडवोकेट राजकुमार यादव ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके बाद वंदे मातरम गीत के साथ प्रतियोगिता प्रारंभ हुई। सबसे पहले विद्यालय के निदेशक पुष्करमल वर्मा, प्राचार्य सुनील कुमार, डीन मनोज भारद्वाज, एमडी डॉ. हितेश वर्मा, निधि वर्मा, महेंद्र शर्मा व राजकुमार यादव को परिषद सदस्यों द्वारा अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजित कनिष्ठ वर्ग की प्रश्न मंच प्रतियोगिता में कुल 32 विद्यालयों से लिखित परीक्षा में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों ने भाग लिया। परिषद के क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव महेंद्र शर्मा ने प्रश्न मंच का संचालन किया। प्रतियोगिता के पहले चरण में आठ-आठ टीमों के चार राउंड कराए गए। पहले चार चरणों में सभी 32 टीमों की प्रतिभागिता के उपरांत टॉप आठ टीमों ने फाइनल राउंड में अपना स्थान बनाया। फाइनल राउंड में सीएल पब्लिक स्कूल, राव नेतराम स्कूल सलीमपुर, सरस्वती बाल मंदिर, आरपीएस स्कूल, यदुवंशी शिक्षा निकेतन, सूरज स्कूल, यूरेका पब्लिक स्कूल व बीआर स्कूल बाछोद की टीमों के विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और जोश के साथ प्रश्नों के उत्तर दिए।


नारनौल। प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

ये रहे उपस्थित

इस मौके पर परिषद के अध्यक्ष मुकेश जैन, शाखा सचिव संदीप शुक्ला, भगत सिंह सैनी, महेंद्र शर्मा, एडवोकेट राजकुमार यादव, नरेश गोगिया, वीडी वशिष्ठ, सतीश भल्ला, डॉ. शिवकुमार यादव, पवन कुमार यादव, नीरज अग्रवाल, सुनील चुघ, पवन अरोड़ा, संजय शर्मा, नरोत्तम सोनी, सुचेता गोगिया, निधि वर्मा, मीतू जैन, सरिता वशिष्ठ, सोनू भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

कनीना में रक्तदान शिविर 12 को

कनीना। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नगर पालिका परिसर में 12 अक्टूबर को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

कार्यालय-प्राचार्य, रा. व. मा. वि. बुडीन (3867) महेन्द्रगढ़

नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय-प्राचार्य, रा. व. मा. वि. बुडीन (3867) महेन्द्रगढ़ के कंडम घोषित (04 कमरे बरामदा सहित) को तुड़वाने तथा मलबे की खुली बोली दिनांक 16.10.2026 को प्रातः 10:00 बजे स्कूल प्रांगण में लगाई जाएगी। इच्छुक बोलीदाता समय पर पहुँच कर बोली में भाग ले सकता है। नियम व शर्तें मौके पर बताई जाएंगी।

हस्ता/-अध्यक्ष/सचिव स्कूल प्रबंधन समिति
रा. व. मा. वि. बुडीन (3867) महेन्द्रगढ़
सम्पर्क सूत्र: 9813142153

एडीसी ने ली डिस्ट्रिक्ट लेवल मलेरिया टास्क फोर्स की बैठक

लोग बुखार में खुद न लें दवा सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर जांच और इलाज मुफ्त

■ हर रविवार को मनाएं ड्राई डे, कूलर-बर्तन खाली कर सुखाने के बाद ही भरें पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल


हरिभूमि
77,646 कुल घरों के सर्वेक्षण में डेंगू के 1050 लिंक की जांच
अब तक 26,11,371 घरों का सर्वे, 2,461 घरों में डेंगू का मिला लार्वा, नोटिस जारी
18 डेंगू संक्रमितों की पहचान, 152 टीम कर रहीं बुखार का स
2024 से ये क्यों अधिक है? चैलेंज
6000 से ज्यादा लोग ले चुके हैं कीटनाशक
विस्तार में खबर में देखें
जब से डेंगू क्लिनिक

नारनौल। आठ अक्टूबर को प्रकाशित समाचार।


बैठक लेते एडीसी तरुण कुमार पावरिया। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा सरकार की ओर से डेंगू, मलेरिया व चिकनगुनिया की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे प्रयासों के तहत जिले में प्रत्येक रविवार को सूखा दिवस (ड्राई डे) के रूप में मनाने के लिए आमजन को प्रेरित किया जाए। इस दिन घरों में रखे कूलर, पानी के बर्तन, हौदी और फूलदानों को खाली करके रगड़कर साफ किया जाए और सुखाने के बाद ही उनमें नया पानी भरा जाए। यह निर्देश अतिरिक्त उपायुक्त तरुण कुमार पावरिया ने शुक्रवार को लघु सचिवालय में आयोजित डिस्ट्रिक्ट लेवल मलेरिया टास्क फोर्स की बैठक में अधिकारियों को दिए। बैठक में उन्होंने मलेरिया, डेंगू व चिकनगुनिया के मुख्य लक्षणों, फैलने के कारणों तथा बचाव के उपायों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि मलेरिया संक्रमित मादा एनोफेलीज मच्छर के काटने से फैलता है। इसमें सर्दी व कंपकंपी के साथ तेज बुखार, सिरदर्द और उल्टी होती है तथा बुखार उतरते समय शरीर पसीने से तर हो जाता है। समय पर उपचार न मिलने पर यह बीमारी जानलेवा भी हो सकती है। वहीं, डेंगू व चिकनगुनिया फैलाने वाला ऐडीज मच्छर दिन के समय काटता है और केवल रुके हुए साफ पानी में पनपता है। डेंगू में अचानक तेज बुखार, सिरदर्द, मांसपेशियों व जोड़ों में दर्द तथा आंखों के पीछे दर्द होता है।

डेंगू व मलेरिया से बचाव के लिए ये करें

सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार ने बताया कि घरों के आसपास गड्ढों को मिट्टी से भरवाएं। कूलर, होदी, टंकी व पानी से भरे हुए बर्तन सप्ताह में एक बार अवश्य खाली करें व कपड़े से अच्छी तरह से रगड़कर साफ करके ही प्रयोग करें। शरीर ढक कर रखें तथा मच्छर रोधी दवा, क्रीम व कीटनाशक दवाई से उपचारित मच्छरदानी का प्रयोग करें एवं पूरी बाजू के कपड़े पहनें। छतों पर रखी पानी की टंकियों को ढक्कन लगाकर बंद रखें। मलेरिया के अधिक जोखिम वाले क्षेत्रों में घरों के अंदर कीटनाशक का छिड़काव करवाएं। बुखार आने पर डॉक्टर की सलाह अवश्य लें।

यह न करने की अपील

सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार ने बताया कि नागरिक अपने स्तर पर एस्प्रिन ब्रूफीन दवाइयों का सेवन न करें। घरों के अंदर व आसपास के गढ़ों में सात दिन से अधिक पानी इकट्ठा न होने दें। पुराना सामान जैसे टायर, ट्यूब, खाली डिब्बे, पॉलीथिन के लिफाफे खुले में न फेंकें, ताकि बरसात का पानी उसमें इकट्ठा न हो। यदि कुलर प्रयोग में नहीं लाया जा रहा है, तो उसमें पानी इकट्ठा न होने दें। हैड पंप व नल के आसपास पानी जमा न होने दें। टायर, ट्यूब, खाली डिब्बे खुले में न छोड़ें। यदि अंदर रखना संभव न हो तो उन्हें ढक कर रखें।

12 को किसानों के लिए लगेगा निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर

मंडी अटेली। अटेली अनाज मंडी में किसान बाजरे एवं अन्य फसलों की बिक्री के साथ अब अपने दांतों की निःशुल्क जांच भी करवा सकेंगे। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के निर्देश पर 12 अक्टूबर को मंडी में निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए मार्केट कमेटी चेयरमैन दिनेश जेलदार ने बताया कि शिविर में एसजीटी विश्वविद्यालय गुरुग्राम की दंत चिकित्सा विभाग की टीम किसानों के दांतों की जांच करेगी। इस दौरान जरूरत के अनुसार निःशुल्क दवाएं भी उपलब्ध करवाई जाएंगी। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य मंत्री के निर्देश पर मंडी में किसानों के लिए चाय की व्यवस्था भी की गई है, ताकि फसल बेचने के लिए आने वाले किसानों को सुविधा मिल सके।

खबर संक्षेप

कबड्डी का ट्रायल 14 को अक्टूबर

नारनौल। जिला स्तरीय खेल महाकुम्भ 2026-27 के लिए खेल विभाग की ओर से जिले में विभिन्न खेलों के ट्रायल 13 से 15 अक्टूबर तक लिए जाएंगे। इसी कड़ी में कबड्डी का ट्रायल 14 अक्टूबर को शक्ति स्पोर्ट्स एकेडमी नीरपुर में होगा। एकेडमी के संचालक यादवेन्द्र सिंह एडवोकेट ने बताया कि जिले के इच्छुक कबड्डी खिलाड़ी 14 अक्टूबर को सुबह आठ बजे तक शक्ति स्पोर्ट्स एकेडमी नीरपुर में पहुंचकर ट्रायल में भाग ले सकते हैं।

गुरु रविदास महासभा की बैठक कल

नारनौल। गुरु रविदास महासभा के प्रेस सचिव जयसिंह नारनौलिया ने बताया कि 11 अक्टूबर प्रातः 10 बजे महासभा की बैठक का आयोजन महासभा के कार्यालय में किया जाएगा। जिसकी अध्यक्षता महासभा के प्रधान बाबूलाल नारनौलिया करेंगे। बैठक में मुख्य एजेंडे के रूप में महासभा में रिक्त चल रहे महासचिव पद को सर्वसम्मति से भरने, सदस्यता बढ़ाने के संदर्भ में उपस्थित सदन को जानकारी देने आदि कार्य सम्मिलित हैं।

जन स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर लोगों को कर रही जागरूक

शहर में 15 हजार से अधिक पेयजल-सीवर कनेक्शन अवैध, वैध नहीं कराने पर कटेंगे

अब तक पेयजल के 465 और सीवर के 1001 कनेक्शन किए गए वैध

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल


नारनौल। कनेक्शन फाइल तैयार करती विभागीय टीम। फोटो : हरिभूमि

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की ओर से शहर में पेयजल एवं सीवर कनेक्शनों को वैध करवाने के लिए विशेष घर-घर जागरूकता एवं कनेक्शन वैधीकरण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत विभाग की टीमें शहर के विभिन्न मोहल्लों में पहुंचकर उपभोक्ताओं को कनेक्शन वैध करवाने के लिए जागरूक कर रही हैं तथा मौके पर ही आवश्यक दस्तावेज लेकर फाइल तैयार की जा रही है। उपमंडल अभियंता मुकेश कुमार ने बताया कि विभाग द्वारा वर्तमान में बिना किसी शुल्क के पेयजल एवं सीवर कनेक्शन वैध किए जा रहे हैं। उन्होंने शहरवासियों से अपील की कि वे इस सुविधा का लाभ उठाएं और अपने कनेक्शन को समय रहते वैध करवाएं। उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं को केवल आवश्यक दस्तावेज विभाग की टीम को उपलब्ध करवाने हैं, जबकि कनेक्शन से संबंधित फाइल तैयार करने का कार्य टीम द्वारा मौके पर ही किया जा रहा है। शहर में अब तक पेयजल के 465 तथा सीवर के 1001 कनेक्शन वैध किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि शहर में अभी भी लगभग 15 हजार से अधिक कनेक्शन अवैध हैं, जिन्हें वैध किया जाना है। विभाग की टीमें लगातार घर-घर जाकर उपभोक्ताओं को जागरूक कर रही हैं। उपमंडल अभियंता ने कहा कि सरकार एवं प्रशासन का उद्देश्य शहरी उपभोक्ताओं को पेयजल एवं सीवर की बेहतर और व्यवस्थित सुविधाएं उपलब्ध करवाना है। इसके लिए प्रत्येक कनेक्शन का वैध होना आवश्यक है। इसी उद्देश्य से विभाग द्वारा यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जो उपभोक्ता अपने पेयजल एवं सीवर कनेक्शन को वैध नहीं करवाएंगे, उनके कनेक्शन काटने की कार्रवाई भी विभाग द्वारा अभियान के साथ-साथ की जा रही है। इसके अतिरिक्त, पेयजल की बर्बादी करते पाए जाने वाले उपभोक्ताओं को नोटिस जारी किए जा रहे हैं। बिल ब्रांच से दीपक सांडिल्य व उनकी टीम भी साथ रही।

जिले के शहरी क्षेत्रों में भी अभियान जारी

जिला सलाहकार मंगतू राम सरस्वा ने बताया कि जिला महेंद्रगढ़ के सभी प्रमुख शहरी क्षेत्रों में पेयजल एवं सीवर कनेक्शन वैधीकरण का अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अब तक अटेली शहर में पेयजल के 98 तथा सीवर के 291 कनेक्शन वैध किए गए। कनीना शहर में पेयजल के 126 तथा सीवर के 411 कनेक्शन वैध किए गए। महेंद्रगढ़ शहर में पेयजल के 289 तथा सीवर के 1240 कनेक्शन वैध किए गए। नांगल चौधरी शहर में पेयजल के 443 तथा सीवर के 968 कनेक्शन वैध किए गए। नारनौल शहर में पेयजल के 465 तथा सीवर के 1001 कनेक्शन वैध किए गए।


महेंद्रगढ़। विजेताओं को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

श्रीकृष्णा स्कूल में दिया नारी सशक्तीकरण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

श्रीकृष्णा स्कूल में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता हुई। इस प्रतियोगिता में कक्षा छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ बढ़-चढ़कर भाग लिया। मिडल हेड सुरेंद्र कुमार ने बताया कि विद्यार्थियों ने अपनी कलात्मक सोच और रंगों के माध्यम से चार्ट पेपर पर विभिन्न प्रकार के प्रेरणादायक चित्र उकेरे। इन पोस्टरों के जरिए विद्यार्थियों ने समाज में नारी के अतुलनीय महत्व, उनकी शक्ति और उनके अधिकारों को प्रदर्शित किया। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में विद्यार्थियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली तथा कक्षा सातवीं की छात्रा इशिता ने प्रथम स्थान, राखी ने दूसरा स्थान व कक्षा आठवीं से प्रियांशी और विनय ने तीसरा स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता के समापन पर सभी विजेताओं को प्रोत्साहित किया गया।

कार्यक्रमों से होता है बच्चों का मानसिक विकास

ऐसे आयोजनों से बच्चों का मानसिक विकास होता है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, सुकन्या समृद्धि खाता, लाडो लक्ष्मी योजना, मातृ वंदना योजना और बालिका समृद्धि योजना मुख्य हैं, जो बेटियों की पढ़ाई, स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य को सुनिश्चित कर रही हैं। इस मौके पर स्कूल का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

मानव जीवन की रक्षा से बढ़कर कोई अन्य पुण्य कार्य नहीं: यादव

■ विधायक ने राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में रक्तदाताओं को बैज लगाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल


नारनौल। रक्तदाताओं को बैज लगाते विधायक ओमप्रकाश यादव।

सेवा संकल्प अभियान के तहत मुख्यालय के दिशा-निर्देशानुसार युवाओं में सामाजिक दायित्व और सेवा भाव को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। जिसमें विधायक ओमप्रकाश यादव ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। विशिष्ट अतिथि के तौर पर भाजपा के पूर्व अध्यक्ष राकेश शर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष किशन लाल बोहरा तथा वासुदेव यादव मौजूद रहे। मुख्य अतिथि ओमप्रकाश यादव ने कहा कि रक्तदान महादान है और मानव जीवन की रक्षा से बढ़कर कोई अन्य पुण्य कार्य नहीं हो सकता। हमारे द्वारा दान किया गया रक्त किसी गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति या दुर्घटना का शिकार हुए मरीज को नई जिंदगी दे सकता है। उन्होंने आईटीआई के युवाओं द्वारा की गई इस सामाजिक पहल की प्रशंसा की और क्षेत्र के अन्य शैक्षणिक संस्थानों को भी प्रेरित किया कि वे समय-समय पर इस तरह के जनहितकारी कार्यक्रमों का आयोजन करें। मुख्य अतिथि ने रक्तदाताओं को प्रशंसा पत्र, मेडल देकर सम्मानित किया गया। शिविर के दौरान रेडक्रॉस सोसायटी और नागरिक अस्पताल से आई डॉक्टरों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की विशेष टीम ने रक्त संग्रहण का कार्य संपन्न कराया। संस्थान के प्रधानाचार्य विनोद खंगवाल ने मुख्य अतिथि विधायक ओमप्रकाश यादव, अतिथियों, मेडिकल टीम तथा सभी रक्तदाताओं का आभार प्रकट किया। सुरेश चौधरी, सपना गुप्ता, जोगिंद्र राजपूत, डॉ. अनिल सैनी, सत्यनारायण जांगड़ा, उप-प्रधानाचार्य तिलक राज, सुनील यादव, एनसीसी प्रभारी मेजर वीरेंद्र सेकवाल आदि मौजूद रहे।

विद्या भारती स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



नारनौल। विद्या भारती पब्लिक स्कूल निजामपुर में आयोजित दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का उत्साहपूर्वक समापन हुआ। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा अपनी खेल प्रतिभा, अनुशासन और टीम भावना का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दूसरे दिन आयोजित प्रतियोगिताओं में खो-खो (कक्षा चार से पांच) छात्र वर्ग में राधाकृष्ण हाउस तथा छात्रा वर्ग में कल्पना चावला हाउस की टीम विजेता रही। खो-खो (कक्षा छह से नौवीं) छात्र वर्ग में मीरा बाई हाउस तथा छात्रा वर्ग में मंगल पांडे हाउस की टीम विजेता रही। इसी प्रकार कबड्डी (कक्षा चार से पांच) छात्र वर्ग में मीरा बाई हाउस व छात्रा वर्ग में कल्पना चावला हाउस की टीमें विजयी रही। कबड्डी (कक्षा छह से नौवीं) छात्र वर्ग में मीरा बाई हाउस व छात्रा वर्ग में मंगल पांडे हाउस की टीमें विजयी रही। प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका पूनम देवी व राहुल ने निभाई। विद्यालय के चेयरमैन एडवोकेट राजकुमार यादव व वाइस चेयरपर्सन डॉ. उषा यादव ने विजेता खिलाड़ियों को पदक व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके प्रबंध निदेशक एडवोकेट पीयूष यादव, निदेशिका डॉ. रविन्द्रा यादव, प्राचार्य अजीत सिंह, उप प्राचार्य प्रवीण कुमार शर्मा, कोर्डिनेटर रितु शर्मा आदि उपस्थित थे।

राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ के लिए ट्रायल 13 से 15 तक

नारनौल। हरियाणा खेल विभाग की ओर से आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ 2026-27 के लिए जिले के ओपन कैटेगरी में पुरुष व महिला खिलाड़ियों का चयन ट्रायल 13 से 15 अक्टूबर तक ओपन कैटेगरी में विभिन्न स्थानों पर किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए कार्यवाहक जिला खेल अधिकारी नरेंद्र कुंडू ने बताया कि 13 अक्टूबर को खो-खो ट्रायल कोयल पब्लिक स्कूल खटोटी कला में किया जाएगा। पुरुषों के लिए एथलेटिक्स ट्रायल 13 अक्टूबर को व महिलाओं के लिए 14 अक्टूबर को सेंट्रल यूनिवर्सिटी पाली में किया जाएगा। पुरुष व महिलाओं के लिए फेंसिंग, जूडो व वुशु प्रतियोगिता के लिए ट्रायल 13 अक्टूबर को नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में किया जाएगा। 13 अक्टूबर को फुटबॉल ट्रायल एसएमएफसी मिनी स्टेडियम धनौदा में, बास्केटबॉल बीकेएन राजकीय पॉलिटेक्निक में, कुश्ती बाबा गोरखामी व्यायामशाला सतनाली में, हॉकी राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कनीना, वॉलीबॉल बाबा जोधादास एकेडमी महरमपुर, हैंडबॉल आरपीएस स्कूल कनीना व टेबल टेनिस आरपीएस स्कूल खातौद में किया जाएगा।

न्यूज डायरी



रामचंद्र स्कूल में बेस्ट ड्रामेबाज प्रतियोगिता

कनीना। रामचंद्र पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों की अभिनय प्रतिभा को निखारने और आत्मविश्वास बढ़ाने के उद्देश्य से बेस्ट ड्रामेबाज प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने विभिन्न पात्रों का रूप धारण कर अपनी शानदार अभिनय कला, संवाद अदायगी और हाव-भाव से सभी को प्रभावित किया। बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से मनोरंजन के साथ-साथ सामाजिक संदेश भी दिए। चेयरमैन रोशनलाल यादव, समन्वयक ऋतु यादव, शैक्षणिक निदेशक शिवचरण जोशी तथा गतिविधि प्रभारी अनीता ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।



यदुवंशी कॉलेज के 5 छात्र विवि टॉप 10 में

महेंद्रगढ़। इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाड़ी द्वारा बीए चतुर्थ सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें यदुवंशी डिग्री कॉलेज के विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय की टॉप 10 सूची में पांच स्थान पर कॉलेज का नाम रोशन किया। इस सूची में ललिता पुत्री धर्मवीर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तो वहीं मुस्कान पुत्री राजपाल ने तृतीय स्थान, सोनू पुत्री अनिल कुमार ने चौथा स्थान, तो वहीं कृष्णा पुत्री होशियार सिंह ने पांचवा स्थान तथा भूमिका पुत्री नवीन ने नौवा स्थान बनाया और अपने माता-पिता का नाम रोशन किया। संस्था चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने भी कला संकाय के सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की सफलता किसी भी शिक्षण संस्थान की सबसे बड़ी पूंजी होती है। विश्वविद्यालय की टॉप 10 सूची में पांच स्थान प्राप्त करना गर्व का विषय है। इस अवसर पर संस्था वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्ण सिंह यादव, चेयरपर्सन संगीता यादव, सीओई तनिष राव, ग्रुप डायरेक्टर विजय सिंह यादव, डॉ. प्रदीप यादव, कॉलेज प्राचार्य बबरुभान ने भी कला संकाय के सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

चिट्ठी लिखो-रिश्ते जोड़ो अभियान के तहत कागज पर उतरी बच्चों की भावनाएं



नारनौल। डिजिटल संदेशों के दौर में हाथ से लिखी चिट्ठियों के माध्यम से रिश्तों की आत्मीयता और भावनात्मक संवाद को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट की ओर से विश्व डाक दिवस पर हुडा सेक्टर स्थित सीएल पब्लिक स्कूल में चिट्ठी लिखो-रिश्ते जोड़ो अभियान आयोजित किया गया। अभियान की थीम 'डिजिटल संदेशों के दौर में, एक चिट्ठी अपनों के नाम' रही। अध्यक्ष डॉ. संजय शर्मा वं ट्रस्टी नरोत्तम सोनी ने बताया कि कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ अपने मन की भावनाओं को कागज पर उकेरा। किसी ने माता-पिता के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की, तो किसी ने दादा-दादी और प्रियजनों के नाम चिट्ठी लिखकर अपने मन की बात कही।

राजकीय महाविद्यालय कृष्ण नगर में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता शुरू

100 से 800 मीटर दौड़ सहित हाई-लॉन्ग जंप और थ्रो स्पर्धाओं में दिखाया दमखम

■ डीएसपी डॉ. कविता ने किया प्रतियोगिता का शुभारंभ, खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल


नारनौल। विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

राजकीय महाविद्यालय कृष्ण नगर में शुक्रवार को दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का उत्साह के साथ शुभारंभ हुआ। जिला पुलिस उप अधीक्षक डॉ. कविता ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुमन यादव ने उनका स्वागत किया और विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों से परिचय करवाया।प्राचार्य डॉ. सुमन यादव ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इनसे अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना और आत्मविश्वास विकसित होता है। मुख्य अतिथि डॉ. कविता ने विद्यार्थियों को खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि खेल जीवन में मेहनत, धैर्य और निरंतर अभ्यास का महत्व सिखाते हैं। विद्यार्थियों को जीत-हार की चिंता किए बिना खेल भावना के साथ प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेना चाहिए।प्रतियोगिता में 100, 200, 400 और 800 मीटर दौड़ के अलावा हाई जंप, लॉन्ग जंप, ट्रिपल जंप, डिस्कस थ्रो और जैवलिन थ्रो की स्पर्धाएं आयोजित की गईं। खिलाड़ियों ने विभिन्न स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा और खेल कौशल का प्रदर्शन किया। आसपास के गांवों से पहुंचे गणमान्य लोगों और महिलाओं ने तालियां बजाकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

खेल प्रभारी ने संभाली संचालन की जिम्मेदारी

महाविद्यालय की खेल प्रभारी एवं सहायक प्राध्यापक (शारीरिक शिक्षा) प्रीति यादव ने प्रतियोगिता के आयोजन एवं संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके साथ डॉ. हंसराज डीपीई और शिवरतन डीपीई ने भी खेल गतिविधियों के संचालन में सहयोग किया। मंच संचालन डॉ. अजय यादव, डॉ. सीपी यादव और डॉ. सुषमा यादव ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक, कर्मचारी और विद्यार्थी मौजूद रहे।

सान्या ने एथलेटिक्स में जीता कांस्य



नारनौल। जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम नई दिल्ली में 65वीं नेशनल ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2026 का आयोजन आठ से 11 अक्टूबर तक किया जा रहा है। इस नेशनल चैंपियनशिप में महिला डिस्कस थ्रो इवेंट में भिवानी की सीमा कालीरमण ने फिर जीत हासिल की है। मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ व महासचिव प्रदीप मलिक ने बताया कि महिला वर्ग डिस्कस थ्रो इवेंट के फाइनल मुकाबले में एथलीट सीमा कालीरमण ने 57.63 मीटर का थ्रो फेंककर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के ग्रीवेंस कमेटी सदस्य राजकुमार मिटान ने बताया कि कॉमनवेल्थ पदक विजेता खिलाड़ी सीमा कालीरमण ने डिस्कस थ्रो इवेंट में अपनी बादशाहत कायम रखी है। अध्यक्ष दिलबाग सिंह ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा हरियाणा की मिट्टी में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। प्रदीप मलिक ने बताया कि निकिता कुमारी राजस्थान 52 मीटर 48 सैंटीमीटर की थ्रो के साथ रजत पदक, सान्या यादव महेंद्रगढ़ ने 52 मीटर 45 सैंटीमीटर की थ्रो के साथ कांस्य पदक विजेता बनकर राज्य का गौरव बढ़ाया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डैंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरुण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005